04/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

आतंकवाद के खिलाफ भारत के सैद्धांतिक और दृढ़ रुख का संदेश लेकर गए सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से चार प्रतिनिधिमंडल अपने-अपने देशों की सफल यात्रा पूरी कर अब भारत लौट आए हैं। इस बीच, कांग्रेस सांसद डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत के मजबूत रुख के बारे में जानकारी देने के लिए अमेरिकी कांग्रेस और प्रशासन के सदस्यों, थिंक टैंक, मीडिया और नीति निर्माताओं से मिलने वाशिंगटन डीसी पहुंचा।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री एक पेड़ मां के नाम पहल के अंतर्गत बरगद का पौधा लगाएंगे। यह अरावली ग्रीन वॉल परियोजना का एक हिस्सा होगा, जिसका उद्देश्य सात सौ किलोमीटर की अरावली श्रृंखला का फिर से वनीकरण है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने राज्य के लोगों से विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के पूर्व संध्य पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी अभियान **‘एक राष्ट्र, एक मिशन: एण्ड प्लास्टिक पल्यूशन”** का समर्थन करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया है।

राज्यपाल ने लोगों से सिंहल यूज प्लास्टिक को कम करने, पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने और जिम्मेदारी से कचरे को अलग करते हुए रीसायकल करने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

भारी मानसून के कारण राज्य के विभिन्न हिस्सों में से सड़क संपर्क बुरी तरह प्रभावित होने के मद्देनजर, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) से खास तौर पर संवेदनशील और दूरदराज के इलाकों में वाहनों की सुचारू और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा है। भूस्खलन और जलभराव के कारण कई गांवों के कट जाने की खबरों पर चिंता जताते हुए राज्यपाल ने तैयारियों की तत्काल जरूरत पर भी जोर दिया।

0000000000000000000000

ईटानगर नगर निगम -IMC मेयर तामे फासांग ने मंगलवार को कॉर्पोरेटर्स और आईएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के चल रहें कार्य का निरीक्षण किया। अपने दौरे के दौरान श्री फासांग ने एसटीपी साइट पर काम करने वाली एजेंसी और ठेकेदारों से परियोजना की समयसीमा का पालन करने और गुणवत्ता एवं सुरक्षा को बनाए रखने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

दिबांग वैली जिले में लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण सड़कों के बंद होने और खुलने को लेकर निवासियों में पैदा हो रहे भ्रम तथा सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि को देखते हुए जिला पुलिस ने यातायात नियमन और सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सक्रिय कदम उठाया है। ट्रेफ़िक मेनेजमेंट और जनता के साथ समय पर संवाद के लिए आनिनी पुलिस द्वारा एक समर्पित ट्रेफ़िक विंग का गठन किया गया है। पुलिस अधीक्षक मनीष शौर्य ने सभी विभागों, एजेंसियों और आम जनता से जिले भर में सुरक्षित और सुखद यात्रा सुनिश्चित करने में ट्रेफ़िक विंग को पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया है।

0000000000000000000000

भारत के सशस्त्र बलों और स्थानीय समुदाय को समर्थन देने में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, पुणे स्थित गैर सरकारी संगठन **सोल्जर्स इंडिपेंडेंट रिहैबिलिटेशन फाउंडेशन** ने तवांग सर्कल के अंतर्गत तेली गांव में सैन्य फील्ड अस्पताल को 200 लीटर क्षमता वाला ऑक्सीजन प्लांट और रिफिलिंग सुविधा प्रदान की। **5th माउंटेन डिवीजन** के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल के.एस. ग्रेवाल ने तवांग सेक्टर में सेवारत भारतीय सेना के जवानों को औपचारिक रूप से ऑक्सीजन प्लांट समर्पित किया।

0000000000000000000000

भारतीय सेना की स्पीयर कोर ने अपने ऑपरेशन सद्भावना के तहत मंगलवार को लोअर सुबनसिरी जिले के जीरो वैली प्राइमरी स्कूल के बच्चों को स्टेशनरी आइटम प्रदान किए। साथ ही सार्वजनिक स्वच्छता और सफाई में सुधार के लिए तीन मोबाइल शौचालय इकाइयाँ भी स्थापित कीं गई एवं फिटनेस और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए, शहर को ओपन-एयर जिम उपकरण भे प्रदान किया गया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के पापुम पारे जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट साथ ही ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, शी-योमी, सियांग, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, चांगलांग और तिराप के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश होने की संभवना है।

0000000000000000000000

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला है और इस मामले में किसी भी तरह की राजनीति की गुंजाइश नहीं है।

0000000000000000000000

मंगलवार को जारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या 4,000 के आंकड़े को पार कर गई है। केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य बना हुआ है, जिसके बाद महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली का स्थान है।

0000000000000000000000

असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जिससे 21 जिलों में 6 लाख 30 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि राज्य में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य भर में बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में छह लोगों की जान चली गई।

0000000000000000000000